# जिला कॉंग्रेस कमेटी, बेमेतरा

**बंसी पटेल**
अध्यक्ष
जिला कांग्रेस कमेटी

निवास : ग्राम-पदमी, पो. बेमेतरा
तह.-थानखम्हरिया (साजा),
जिला-बेमेतरा (छ.ग.)
मो. 9131486965, 9407976965

क्र ...२.....

दिनांक 30/11/2025

प्रति,

माननीय श्रीमान मल्लिकार्जून खड़गे जी,

अध्यक्ष अखिल भारतीय काग्रेंस कमेटी

9A कोटला नई दिल्ली

**विषयः– अध्यक्ष जिला काग्रेंस कमेटी बेमेतरा (अपने पद) एवं काग्रेंस पार्टी की प्राथमिक सदस्यता से त्याग पत्र देने बाबत्।**

महोदय जी,

सप्रीम जय जोहार

उपरोक्त विषयातंर्गत लेख है कि मैं बंशी लाल पटेल अध्यक्ष जिला कमेटी बेमेतरा छत्तीसगढ़ के पद पर पदस्थ हूँ, मेरी आयु 72 वर्ष है मैं कांग्रेस परिवार में जन्म लेकर विगत 52 वर्षो से काग्रेंस पार्टी की सकिय राजनिति में पार्टी की निरंतर सेवा कर रहा हूँ, इस अवधि मैं आठ बार ग्राम पदमी का सरपंच दो बार जनपद सदस्य तीन बार अध्यक्ष सेवा सहकारी समिति (धान उपार्जन केन्द्र) रहा हूँ, साथ ही तीन बार मार्केटींग सोसायाटी का कार्य कारणी सदस्य निर्वाचित हो चुका हूँ।

मैंने विगत दिन आपको एवं माननीय श्री राहुल गॉधी जी के साथ साथ प्रदेश प्रभारी श्री सचिन पायलेट जी सह प्रभारी विजय जागींड़ जी, पूर्व मुख्यमंत्री श्री भूपेश बघेल जी, पूर्व उप मुख्यमंत्री टी.एस.सिंह देव जी, प्रदेश अध्यक्ष दीपक बेध जी को पत्र लिखकर बेमेतरा जिले के पार्टी के हालात के सम्बध में पत्र लिखकर अवगत करा चुका हूँ, परन्तु इस पर कोई प्रति उत्तर आज पर्यत्त प्राप्त है मेरे द्वारा बेमेतरा जिला बेमेतरा काग्रेंस पार्टी को नुकसान पहुचाने के उदेश्य से पार्टी के निति रिती के विरूध्द कार्य करने वालो के विरूध्द काग्रेंस पार्टी के सविधान के अनुरूप कार्यवाही किया था, साथ ही इस पुरा विवरण सह प्रभारी छ.ग. श्री विजय जागेड़ जी से रूबरू मिलकर पुरा विवरण उनके समक्ष रखा था, फिर भी कोई प्रतिकिया अथवा प्रति उत्तर प्राप्त नही हो पाया।

# जिला कॉंग्रेस कमेटी, बेमेतरा

**बंसी पटेल**
अध्यक्ष
जिला कांग्रेस कमेटी

निवास : ग्राम-पदमी, पो. बेमेतरा
तह.-थानखम्हरिया (साजा),
जिला-बेमेतरा (छ.ग.)
मो. 9131486965, 9407976965


क्र ......

दिनांक 30/1/2025

तत्पश्चात आसनन नगरी निकाय एवं त्रिस्तरी पंचायत चुनाव की **घोषणा हो** चुकी है, जिसके लिए प्रदेश अध्यक्ष श्री दीपक बैज जी द्वारा हम लोगो को बैठक बुलाकर पर्यवेक्षक नियुक्त करने एवं जीत पाने में सक्षम काग्रेंसी उम्मीदवारो से आवेदन प्राप्त कर विधिवत प्रदेश कार्यालय भेजने के लिए मौखिक रूप से निर्देशित किया गया। प्रदेश अध्यक्ष जी के अदेशानुसार मैंने स्थानीय स्तर पर परिवेक्षक नियुक्त कर इसकी जानकारी प्रदेश कार्यालय भिजवाई। परन्तु प्रदेश कार्यालय द्वारा समानान्तर रूप से परिवेक्षक नियुक्त कर दिया गया, जिससे विरोधा भासी स्थिति के कारण अनावश्यक रूप से विवाद की स्थिति निर्मित हो गई, तथापि स्थिति की गम्भीरता को देखते हुए मैंने शालिनता के साथ जीत पाने में सक्षम काग्रेंस उम्मीद्वारो के आवेदन प्राप्त करते रहे। इस बीच एक बाद पूनः प्रदेश कार्यालय से दुसरा आदेश जारी करते हुए जिला समिति का गठन करने का निर्देश प्राप्त हुआ, निर्देशानुसार जिले के सभी वरिष्ठ नेताओ एवं सक्रिय कार्यकर्ताओ को सह भागिता प्रदान करते हुए मैंने जिला समन्वय समिति का गठन करते हुए तत्काल बैठक आहुत करते हुए, निकाय चुनाव के सम्बध में प्रदेश कार्यालय के आदेश के सम्बध में जानकारी प्रदान करते हुए जीत सकने वाले उम्मीदवारो से आवेदन प्राप्त कर प्रदेश कार्यालय को प्रेषित किये जाने की प्रकिया करवाया। जिला चयन समिति की बैठक बुलाकर प्रदेश सह प्रभारी विजय जागीड़ जी के निर्देशानुसार चयनित उम्मीदवारो की 22 प्रति बनाकर जमा किया, जिस पर सह प्रभारी द्वारा रात्रि 10:30 बजे जिला अध्यक्षो एवं सह प्रभारी के साथ बैठकर चर्चा करने की बात कही गई जिस पर मै रात्रि 11 बजे तक प्रतिक्षारत रहा परन्तु जागीड़ जी द्वारा 26 जनवरी को सुबह 11 बजे मिटिंग में आने का निर्देश प्राप्त हुआ, जहां पहुचने पर दोपहर 2 बजे मिटींग प्रारम्भ होनी की सुचना दी गई, लेकिन वहां प्रदेश अध्यक्ष जी मौजूद नही थे, तब मैंने पुरी सूची श्री विजय जागेड़ जी को सौप दी जिस पर सह प्रभारी द्वारा मुझे बताया गया की उम्मीदवारो का चयन पूर्व विधायक श्री आशीष छाबड़ा से पुछकर ही किया जायेगा, जिस पर मैंने संगठन का महत्व और जिला समन्वय समिति का महत्व जानना चाहा....! जब संगठन की इसमे कोई भूमिका नही है तो मुझे वहां रहना उचित नही लगा और मैं वापस आ गया।

इसके बाद प्रदेश अध्यक्ष द्वारा बेमेतरा के पूर्व विधायक से सम्पर्क साधते हुए श्री आशीष छाबड़ा को जिला समन्वयक नियुक्त करने का एक पक्षीय आदेश जारी कर दिया गया, जो मुझे अपमानित करने के उदेश्य से लिया गया निर्णय प्रतीत हुआ।

# जिला काँग्रेस कमेटी, बेमेतरा

**बंसी पटेल**
अध्यक्ष
जिला कांग्रेस कमेटी

निवास : ग्राम-पदमी, पो. बेमेतरा
तह.-थानखम्हरिया (साजा),
जिला-बेमेतरा (छ.ग.)
मो. 9131486965, 9407976965

क्र. ......

दिनांक 30/1/2025

आशीष छाबड़ा जिनके पुरे समाज की छत्तीसगढ़ में जनसंख्या नगण्य तुल्य है तथा श्री मल्लिकित सिंह गेंदु जो कि प्रदेश महामंत्री है, द्वारा अपने स्वाजातीय व्यक्ति को उपकृत करने के लिए यहां षडयंत्र किया गया है आशीष छाबड़ा द्वारा बेमेतरा नगर पालिका में ऐसे व्यक्ति को अध्यक्ष के लिए नामित किया गया है, **जो कि अभी अभी 6 वर्षे के लिए कांग्रेस से निष्कासित हुआ था।** जिसने ब्लॉक कांग्रेस भवन बेमेतरा के किराये में 541000/- रूपये कि हेरा फेरी की है, एवं ब्लॉक कांग्रेस अध्यक्ष रहते हुए भारी अनियमितता कर कांग्रेस पार्टी को आथिक हानी पहुचायी है, इसी तरह नगर पालिका कुसमी ऐसे व्यक्ति को ( श्री चन्द्रप्रकाश साहू) कांग्रेस से अध्यक्ष की टिकट दी गई है जो दो दिन पहले तक भाजपा से टिकट का दावेदारी कर रहा था जिसका नाम भाजपा के पेनल में दुसरे नंबर पर था, जो छ.ग. वन मंत्री केदार कश्यप का कट्टर समर्थक है (चन्द्रप्रकाश साहू के फैसबुक पेज पर/सोशल मिडिया में भाजपा में सम्बध देखे जा सकते है) जबकी कांग्रेस के सच्चे सिपाहीयो की उपेक्षा की गई है।

मैंने कभी सोचा नही था कि मुझे इस जीवन में कभी कांग्रेस पार्टी में ऐसे भी अपमानभर दिन देखने पड़ेगें, अतः अत्यंत भारी मन से स्वयं को भारी अपमानित महसुस करते हुए अपनी मातृी पार्टी की प्राथमिक सदस्यता से एवं जिला अध्यक्ष कांग्रेस कमेटी बेमेतरा से तत्काल प्रभाव से अपना त्याग पत्र दे रहा हूँ कृपया स्वीकार करे।

धन्यवाद।

भवदीय
बंशी पटेल
अध्यक्ष जिला कांग्रेस कमेटी बेमेतरा

प्रतिलिपिः-

1/ माननीय श्री राहुल गॉधी जी,
2/ माननीय श्री सचिन पायलेट जी प्र. छ.ग.
3/ श्री के.सी. वेणुगोपाल जी,
4/ श्री दीपक बैज जी, अ. का. क. रायपुर
5/ श्री भुपेश बघेल जी,